न्यूज फटाफट

बढेड़ा के राकेश ने 27वीं बार किया रक्तदान

कांगू। बढेड़ा पंचायत के युवा समाजसेवी राकेश कठियाल ने ब्लड डोनेशन कैंप में 27वीं बार रतदान किया जोकि ग्राम पंचायत बढेड़ा के लिए बड़े ही शौभाग्य की बात है। रक्तदानी राकेश हर समय जनता की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं और पूरे भारत वर्ष में कहीं भी किसी को भी रक्त की जरूरत हो तो रक्त उपलब्ध करवा देते हैं। पंचायत की ओर से समस्त गांववासियों से अपील की जाती है कि आप भी इस प्रकार के पुण्य कार्यों में अपना योगदान जरूर दें।

बुजुर्गों के साथ मनाया जाएगा आजादी दिवस

कांगू। बढ़ेड़ा पंचायत में 75वां स्वतंत्रता दिवस पंचायत के बुजुर्गों के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गान एंव बुजुर्गों के साथ मिलकर तिरंगा फहराया जाएगा। प्रधान राजेश शर्मा ने बताया कि 75वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर 75 वर्ष से ऊपर आयु पार कर चुके बुजुगां को एकत्रित कर उनके साथ विचार साझा कर उनका आशीर्वाद लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मौके पर बुजुर्गों के साथ मन की बात की जाएगी।

नुक्कड़ नाटकों से लोगों को कोरोना की दी जानकारी

हमीरपुर। बिझड़ी चौक पर जागरुकता शिविर लगाया गया, जिसमें

त्रिवेणी कला संगम के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटिका और समूहगान आओ चलो हम मिल जुलकर सब ये अभियान चलाएं कोरोना के इस दानव से हम खुद को आज बचाएं के माध्यम से लोगों को जागरुक किया, जिसे लोगों ने खूब सराहा। इस कार्यक्रम का संचालन त्रिवेणी कला संगम के प्रधान निशांत गिल ने किया।

बामटा आईटीआई में कैंपस इंटरव्यू 16 को

बिलासपुर। जिला रोजगार अधिकारी राजेश मैहता ने बताया कि मैन इस्ट मैन ऑटो एंड पावर लि. बद्दी द्वारा रेगुलर आईटीआई ऑपरेटर एवं प्रोडक्शन हेल्पर्स के 100 पदों को भरने हेतु 16 अगस्त को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन बामटा आईटीआई में होगा। 18-35 आयु वर्ग के आईटीआई इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, फीटर, वेल्डर, ऑटोमोबाइल एवं अन्य ट्रेड से पास उम्मीदवार एवं 10वीं तथा 12वीं पास उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 16 अगस्त बामटा पहुंचकर भाग ले सकते हैं।

पूर्व विधायक परिषद के अध्यक्ष पद के चुनाव 20 सितंबर को

बिलासपुर। प्रदेश विस के पूर्व विधायक परिषद के अध्यक्ष पद के चुनाव 20 सितंबर को शिमला में होंगे। परिषद के महासचिव व पूर्व विधायक डॉ. बाबू राम ने कहा कि 11 अगस्त को विस के परियर में पूर्व विधायक नत्था सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें पूर्व विधायक राधा रमण शास्त्री, डॉ. बाबू राम गौतम, मनजीत डोगरा, केके कौशल व चिरंजीव लाल कश्यप सहित अन्य पूर्व विधायक मौजूद रहे। परिषद के महासचिव डॉ. बाबू राम गौतम ने सभी पूर्व विधायकों से इस चुनाव में भाग लेने का आग्रह किया है।

ब्लॉक फेडरेशन के चुनाव में गायत्री शर्मा बनी प्रधान

भराड़ी। विकास खंड घुमारवीं के अंतर्गत चल रहे एनआरएलएम प्रोजेक्ट के तहत ब्लॉक फेडरेशन का चुनाव जिला परियोजना प्रबंधक की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से गायत्री शर्मा को प्रधान, अंजना को उपप्रधान, उर्मिला को सचिव, रुकमा को सहसचिव व सोमा को कोषाध्यक्ष चुना गया। चुनाव में 40 ग्राम संगठनों की महिलाएं उपस्थित रही।

भपराल स्कूल में राय सिंह बने एसएमसी प्रधान

भराड़ी। राजकीय उच्च पाठशाला भपराल में स्कूल प्रबंधन समिति के चुनाव मुख्याध्यापक जगदीश कुमार की अध्यक्षता में हुए। जिसमें रायसिंह को स्कूल प्रबंधन समिति का अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। कार्यकारिणी में राजकुमार, कुलदीप, नीलम, रामप्यारी, पूजा, अनुपमा, अंजू, कंचन, दीपा व अश्विनी कुमार को चुना गया।

साख बचाने के लिए औछे हथकंडे अपना रहे पूर्व विधायक

बिलासपुर। बिलासपुर भाजपा शहरी इकाई के अध्यक्ष मदन कुमार ने पूर्व विधायक द्वारा क्षेत्रीय अस्पताल में एम्स के डॉक्टरों के साथ की गई गुंडागर्दी की निंदा की गई है तथा कहा कि पूर्व विधायक के इस कृत्य के कारण एम्स के डॉक्टरों ने क्षेत्रीय अस्पताल में अपनी चिकित्सीय सेवाएं देना बंद कर दिया, जिसके कारण बिलासपुर की जनता को उच्च स्तरीय चिकित्सा से वंचित होना पड़ा। उन्होंने पूर्व विधायक पर आरोप लगाए कि वह अपना आपा खो चुके हैं तथा अपनी पार्टी में भी गिरती साख को बचाने के लिए इस के तरह ओछे हथकंडे अपना रहे हैं, लेकिन जब विधायक सुभाष ठाकुर के संज्ञान में यह मामला आया तो उन्होंने हस्तक्षेप करके और एम्स के डॉक्टरों और प्रशासन से बात करके एम्स के डॉक्टरों की सुविधाओं को पुनः अस्पताल में उपलब्ध करवाकर लोगों को राहत पहुंचाई है।

तकनीकी विवि के 15 छात्रों की कैंपस प्लेसमेंट

हमीरपुर। प्रदेश तकनीकी विवि हमीरपुर के एमबीए पर्यटन विभाग के 15 छात्रों की कैंपस प्लेसमेंट एवं प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। तकनीकी विवि परिसर दड़ूही में शिमला की प्लूटो टूर्स वर्ल्ड हॉलिडे प्रा. लि. ने परिसर साक्षात्कार का आयोजन किया। परिसर साक्षात्कार में एमबीए पर्यटन विभाग के अंतिम सत्र की परीक्षाएं दे चुके 15 छात्रों का चयन किया गया। चयनित छात्रों में अनिल, अंकित, अरुण, वंदना, दिपाक्षी, गगन, नितेश, प्रियंका, रीया, ऋषभ, शबनम, शुभम, सोनिया, शुभम व तमन्ना शामिल हैं।

बिलासपुर में गोविंद फहराएंगे तिरंगा

जिला स्तरीय कार्यक्रम में मार्चपास्ट की सलामी लेंगे शिक्षा मंत्री

हिमाचल दस्तक। बिलासपुर

बिलासपुर में 15 अगस्त को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस आदर्श छात्र स्कूल बिलासपुर में मनाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा, भाषा कला एवं संस्कृति मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर करेंगे। डीसी पंकज राय ने बताया कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यातिथि प्रातः 10:45 पर शहीद स्मारक में माल्यार्पण करेंगे। उसके पश्चात 11 बजे समारोह स्थल पर ध्वजारोहण करेंगे। 11:02 बजे राष्ट्रीय गान होगा। इस अवसर पर प्रातः 11:05 बजे पुलिस, होम गार्ड, नेवल यूनिट और एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड की टुकड़ियों द्वारा भव्य मार्च पास्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11:20 पर मुख्यातिथि द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संबोधन दिया जाएगा। उसके उपरांत शिक्षा संस्थानों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 12:30 बजे मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। उन्होंने सभी प्रबुद्ध व्यक्तियों से आग्रह किया है इस राष्ट्रीय पर्व को हर्षोल्लास से मनाने के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं।

हमीरपुर में सुरेश भारद्वाज करेंगे ध्वजारोहण

हमीरपुर। डीसी देबश्वेता बनिक ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस हमीरपुर के बाल स्कूल में मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह में शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज सुबह 11 बजे ध्वजारोहण करेंगे तथा भव्य परेड की सलामी लेंगे। समारोह में उप मुख्य सचेतक कमलेश कुमारी भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। उपायुक्त ने बताया कि इस मौके पर स्वतंत्रता सेनानियों की स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह की भव्य परेड में हिमाचल प्रदेश पुलिसए होमगार्ड्सए एनसीसी और अन्य टुकड़ियां मार्चपास्ट करेंगी। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त देबश्वेता बनिक ने सभी जिलावासियों से स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने की अपील की है। उधर, एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई करे सरकार: बंबर

हिमाचल दस्तक। बिलासपुर

बिलासपुर सदर चुनाव क्षेत्र के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन से गरीब लोगों की अपेक्षा बड़े अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यहां पर उपायुक्त पंकज राय के माध्यम से मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को ज्ञापन प्रेषित करते हुए कहा कि बिलासपुर शहर में प्रशासन द्वारा अवैध कब्जों के खिलाफ की गई कार्रवाई के नाम पर गरीब लोगों द्वारा मजबूरीवश किए गए अवैध कब्जों को हटाया जाता है, लेकिन बड़े व प्रभावशाली लोगों द्वारा किए अवैध कब्जों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में आरोप लगाया कि भाजपा के एक प्रमुख नेता द्वारा स्थानीय शहर में सरकारी जमीन पर कब्जा कर एक बड़ी इमारत बना ली है। वहीं जबली मे भी एक भाजपा नेत्री ने भी काफी भूमि कब्जा कर रखा है, लेकिन विभाग व जिला प्रशासन आज तक इन लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं है।

पूर्व विधायक ने डीसी के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने कहा कि इससे पहले भी कई बार प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के नाम पर कुछ गरीब लोगों के खोखे हटाकर झूठे रिपोर्ट भेजकर इतिश्री कर ली।

डीसी ने बड़सर अस्पताल और दियोटसिद्ध मंदिर का किया निरीक्षण

हमीरपुर। डीसी देवश्वेता बनिक ने बड़सर अस्पताल और दियोटसिद्ध मंदिर का दौरा किया। उन्होंने बड़सर अस्पताल के टीकाकरण केंद्र पर जाकर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीसी ने खंड चिकित्सा अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों को सभी आवश्यक दवाइयों तथा संबंधित सामग्री का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश भी दिए। इसके बाद उपायुक्त ने बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में भी विभिन्न प्रबंधों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कोरोना संक्रमण के खतरे के मद्देनजर मंदिर परिसर में विशेष सावधानी बरतें। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर एसडीएम शशिपाल शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके अग्निहोत्री, स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और बाबा बालक नाथ मंदिर के अधिकारी भी उपस्थित थे। ***-हिमाचल दस्तक***

स्वारघाट बॉर्डर पर जांची कोविड नेगेटिव रिपोर्ट

हिमाचल दस्तक। स्वारघाट

कोरोना के बढ़ते मामलों के चलते अब प्रदेश में आने के लिए प्रदेश की सीमा पर कोविड की 72 घंटे पहले की कोरोना की नेगेटिव रिपोर्ट या फिर कोरोना वैक्सीन की दोनों खुराक लेने का प्रमाण पत्र दिखाना जरूरी होगा। सरकार के नए दिशा निर्देश आज से शुरू हो गए हैं। आज से बिलासपुर, मंडी, कुल्लू, लाहौल-स्पीति तथा चंबा आदि जिलों में जाने वाले लोगों तथा बाहर से आने वाले पर्यटकों को पंजाब, हिमाचल की सीमा गरामौड़ा में लगाए गए नाके पर संबंधित दस्तावेज दिखाने होंगे तभी उन्हें प्रदेश में प्रवेश मिल सकेगा। शुक्रवार को एनएच चंडीगढ़-मनाली पर सरकार द्वारा पंजाब व हिमाचल की सीमा गरामौड़ा में नाका लगा दिया है। इस नाके पर बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों तथा अन्य लोगों को अपने कोरोना से संबंधित दस्तावेज दिखाने होंगे तभी प्रवेश मिल सकेगा। एसडीएम सुभाष गौतम ने बताया कि सरकार द्वारा जारी नए दिशा-निर्देशों के तहत नाका लगाया है। री पंचायत के पूर्व उपप्रधान ने सरकार से अपील की है कि लोग बस से आ रहे हैं उनकी भी प्रोपर चैकिंग होनी चाहिए।

कोरोना के बढ़ते मामलों पर सरकार सख्त

बिजली गुल रहने से लोग हुए परेशान

झंडूत्ता। कंदरौर से झंडूता 33 केवी लाइन के खराब होने से झंडूता, कोटधार, बरठीं व तलाई सहित अन्य क्षेत्रों में लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। लोगो को पूरी रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी, जिससे लोगों में बिजली बोर्ड के रवैये के प्रति भारी गुस्सा है। झंडूत्ता के दुकानदारों का कहना है कि जहां रातभर भारी गर्मी में रात गुजारी, वहीं दुकानों में रखे फ्रिज के अंदर रखा सामानको भी नुकसान हुआ है। इस बारे में झंडूता सब डिवीजन के एसडीओ राज कुमार ने बताया कि बरसात के मौसम के कारण यह समस्या पेश आई है। आज सुबह कर्मचारियों क पूरी टीम द्वारा सर्च किया गया तो पनोल के पास यह तार टूट जाने से यह समस्या पेश आई जिसे आज ठीक कर दिया है।

परली सुंगल के 50 घरों को जल्द कोल बांध परियोजना से जोड़े जलशक्ति विभाग: तिलक

हिमाचल दस्तक। बरमाणा

ग्राम पंचायत बिनोला के गांव उपरली सुंगल में जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष व पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा व जिला कांग्रेस महासचिव संदीप सांख्यान ने बैठक की। इस बैठक में लोंगो को कांग्रेस की विचारधारा व कांग्रेस सेवादल से जुड़ने का आह्वान किया गया। इस बैठक में स्थानीय लोंगो की समस्याओं पर भी चर्चा की गई। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर करीब 50 से ज्यादा घर ऐसे हैं, जिनको कोल बांध से मिलने वाली पेयजल योजना से वंचित रखा गया है। पूर्व विधायक ने कहा कि इस मसले को जलशक्ति विभाग के एसडीओ से उठाया जाएगा। वहीं सांख्यान ने कहा कि अगर इन लोंगो को कोल बांध परियोजना से मिलने वाले पानी से वंचित रखा गया तो खाली बर्तन लेकर जल शक्ति विभाग के कार्यलय के बाहर धरना दिया जाएगा। बैठक में अंकुर, लेखराम, रत्न, राजपाल, अक्षय, लछमी देवी, सीमा, चमन, नंदलाल, राजकुमार, सुरेंद्रा कुमारी व अन्य लोग उपस्थित थे।

उपरली सुंगल गांव में पूर्व विधायक ने ग्रामीणों से की बैठक

ऐतिहासिक चौगान में सफाई अभियान का आयोजन

सुजानपुर। आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 9 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित स्वच्छ हिमाचल अभियान 2021 कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुक्रवार को आदेशक गृह रक्षा दसवीं वाहिनी सुशील कुमार कौण्डल की अध्यक्षता में नगर परिषद सुजानपुर के अधीन ऐतिहासिक चौगान में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान चौगान में पड़े कचरे को इकट्ठा किया गया इसे नगर परिषद सुजानपुर को सौंपा गया। इस अभियान के सफल आयोजन हेतु कंपनी कमाण्डर विपन कुमार, कंपनी कमांडर प्रवीण कुमार, प्लाटून कमांडर राज कुमार, प्लाटून कमांडर राकेश चंद, प्लाटून कमांडर वंशी लाल, हवलदार विजय कुमार, हवलदार विजय कुमार, दमकल चौकी सुजानपुर के प्रभारी ललित कुमार, अग्रसर प्रशामक और अन्य गृह रक्षकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

न्यूज फटाफट

हमीरपुर मं 8 लोग कोरोना पॉजिटिव निकले

हमीरपुर। जिला में शुक्रवार को 8 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके अग्निहोत्री ने बताया कि शुक्रवार को जिला में कुल 1566 सैंपल कोरोना जांच के लिए भेजे गए, जिनमें से 8 पॉजिटिव निकले। डॉ. आरके अग्निहोत्री ने बताया कि शुक्रवार को रैपिड एंटीजन टेस्ट के लिए कुल 1353 सैंपल लिए गए, जिनमें से 5 पॉजिटिव पाए गए, जबकि आरटी पीसीआर टेस्ट में 3 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है

बाल स्कूल नादौन में एसएमसी ने की बैठक

नादौन। बाल स्कूल नादौन में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रधानाचार्य सुरेश जसवाल भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सर्वसहमति से खेल छात्रावास की समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने का निर्णय लिया गया। प्रदीप शर्मा ने बताया कि करीब 30 वर्ष पूर्व बने इस खेल छात्रावास में 20 सीटें उपलब्ध है। वर्तमान समय में भी यहां सात खिलाड़ी रह रहे हैं, परंतु करीब 20 वर्षो से यहां रह रहे खिलाड़ियों के लिए कोई प्रशिक्षित हॉकी कोच उपलब्ध नहीं करवाया गया। वहीं इस मैदान में बने स्थाई शैड को हटाया जाए। इसके अलावा पुराने बाल स्कूल परिसर में साइंस ब्लॉक बनाने व यहां के पुराने भवन की मरम्मत करवाने की भी मांग की है।

बेला पंचायत में 2 सप्ताह से नहीं टपका लोगों के घरों में पानी

हिमाचल दस्तक। नादौन

नादौन के साथ सटी बेला पंचायत के कई भागों में करीब 1 सप्ताह से लोगों के घरों में पानी की एक बूंद नहीं टपकी है, जिसे लेकर स्थानीय निवासियों में भारी रोष है। वहीं पंचायत के वार्ड एक में तो कई दिनों से लोग पेयजल किल्लत से परेशान हैं।

स्थानीय लोगों विवेक शर्मा, मदन, किशोरी, मनोज, रामप्यारी, रेखा, बबली, ममता, सुलोचना व सीमा आदि ने बताया कि बरसात में भी वह लोग पेयजल के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर वर्ष बरसात के दिनों में उन्हें ऐसी ही समस्या का सामना करना पड़ता है, हालांकि यहां स्थित पेयजल योजना के निकट फिल्टर बेड बनाए गए हैं परंतु वह भी सफेद हाथी साबित हो रहे हैं और विभाग भी फिल्टर बैड का बहाना बनाकर अपना पल्लू झाड़ लेता है, लेकिन आज तक विभाग ने इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं करवाया है, जिसे लेकर लोगों में भारी रोष है। लोगों का कहना है कि आजकल तो उन्हें घर में पानी के टैंकर बुलाकर पेयजल किल्लत से निपटना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि वह इस समस्या बारे कई बार विभाग के कार्यालय के चक्कर काट चुके हैं। लोगों ने मांग की है कि यदि शीघ्र ही उनकी समस्या का स्थाई समाधान नहीं करवाया गया तो उन्हें सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस संबंध में विभाग के कनिष्ठ अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि नदी में सिल्ट आने से समस्या पेश आ रही है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है।

हम आपकी गीदड़ भभकियों से डरने वाले नहीं: सुक्खू

नादौन। एचआरटीसी उपाध्यक्ष विजय अग्निहोत्री और अन्य भाजपा नेताओं द्वारा अपनी राजनीति चमकाने और नादौन के विधायक सुखविंदर सिंह सुक्खू को नीचा दिखाने के लिए सोशल मीडिया पर वीडियो से छेड़छाड़ कर दिखाने का कार्य निंदनीय है। नादौन के विधायक सुखविंदर सिंह सुक्खू को राष्ट्र विरोधी ताकतों द्वारा तिरंगा झंडा न फहराने की धमकी मिली थी, इसके मद्देनजर शिमला में विस सदन के बाहर कांग्रेस के विधायक सुक्खू द्वारा तिरंगा झंडा फहराकर देश विरोधी और धमकाने वाली ताकतों को स्पष्ट रूप से संदेश दिया कि हम आपकी गीदड़ भभकियों से डरने वाले नहीं हैं। तिरंगा हमारी शान है और प्रदेश में भी तिरंगे को शान से फहराया जाएगा।

आइनॉक्स विंड लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव बसल, जिला ऊना -174303, हिमाचल प्रदेश

सीआईएन: L31901HP2009PLC031083 | टेलीफोन/फैक्स: 01975-272001 | ई-मेल: investors.iwl@inoxwind.com | वेबसाइट: www.inoxwind.com

30 जून 2021 को समाप्त तिमाही हेतु समेकित अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण (रुपये लाखों में)

क्र. स.	विवरण	30.06.2021 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित	31.03.2021 को समाप्त वर्ष अंकेक्षित	30.06.2020 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित
1.	प्रचालनों से कुल आय	16,936	71,073	9,667
2.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(8,049)	(45,909)	(11,032)
3.	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(5,254)	(30,712)	(7,327)
4.	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात्) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल]	(5,240)	(30,686)	(7,343)
5.	संचित पुनर्मूल्यांकन संचित के अतिरिक्त		1,09,403	
6.	प्रदत्त समता अंश पूँजी (अंकित मूल्य रु 10 प्रति अंश)	22,192	22,192	22,192
7.	प्रति अंश आय (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक) (गैर-वार्षिकृत)			
	मूलभूत (रु. में)	(2.37)	(13.84)	(3.30)
	तरल (रु. में)	(2.37)	(13.84)	(3.30)

टिप्पणीयाँ:

1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षित किए गए तथा 13 अगस्त 2021 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गए। कम्पनी के संवैधानिक अंकेक्षकों ने उपरोक्त वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेन्जों के पास दाखिल किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। अनअंकेक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्जों की वेबसाइटों (www.bseindia.com एवं www.nseindia.com) एवं कम्पनी की वेबसाइट (www.inoxwind.com) पर उपलब्ध है।
3. एकल वित्तीय परिणामों पर जानकारी है :

(रुपये लाखों में)

क्र. स.	विवरण	30.06.2021 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित	31.03.2021 को समाप्त वर्ष अंकेक्षित	30.06.2020 को समाप्त तिमाही अनअंकेक्षित
1.	प्रचालनों से कुल आय	12,230	50,405	5,973
2.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(5,310)	(30,669)	(7,277)
3.	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(3,456)	(19,580)	(4,756)

निदेशक मंडल की ओर से
कृते आइनॉक्स विंड लिमिटेड
हस्ताक्षर/-
देवांश जैन
निदेशक

स्थान: नोएडा
तिथि: 13 अगस्त 2021

गुड न्यूज

प्रदेश टेनीकॉयड फेडरेशन के महासचिव हमीद खान ने दी जानकारी

प्रदेश में शीघ्र होगी राष्ट्रीय स्तर की टेनीकॉयड स्पर्धा

हिमाचल दस्तक। बिलासपुर

हिमाचल में राष्ट्रीय स्तर की टेनीकायट खेल स्पर्धा शीघ्र होगी। इसके लिए राष्ट्रीय टेनीकॉयट कार्यकारिणी से बात हुई है। प्रदेश में इस नए खेल के पर्दापण के साथ यह बड़ी उपलब्धि भी होगी। प्रदेश टेनीकॉयट फेडरेशन के महासचिव एवं इंटरनेशन हैंडबॉल खिलाड़ी हमीद खान ने बताया कि बीते रोज राजस्थान के जयपुर में अखिल भारतीय टेनीकॉयट फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें सभी राज्यों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। हमीद खान ने बताया कि इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव से हिमाचल में इस नए और विशाल टूर्नामेंट को करवाने की विस्तार से चर्चा हुई। हमीद खान ने बताया कि बहुत कम खर्च तथा मौसम में हर आयु वर्ग के लोग टेनीकायड खेल सकते हैं। बिलकुल भी खर्चीली खेल न होने के कारण यह पूरे भारत में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। दक्षिण भारत में टेनीकायड खेल का बोलबाला है तथा उतरी भारत में यह खेल तेजी से बढ़ रहा है। इसके लिए बाकायदा लैटस प्ले टेनीकायड नारा देकर अभियान पूरे भारत में शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि यह खेल अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल है। हिमाचल में इसका विधिवत रूप से शुभारंभ हो गया है तथा शीघ्र ही एक बड़े टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को इसकी लोकप्रियता के बारे में पता चलेगा। हमीद खान ने बताया कि शीघ्र ही हिमाचल टेनीकायड एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष श्याम लाल कौंडल से बात कर सारा कार्यक्रम तैयार किया जाएगा।

कहा, देश में तेजी से हो रहा खेल का विकास

जयपुर में अखिल भारतीय टेनीकॉयट फेडरेशन की बैठक में भाग लेते हिमाचल के पदाधिकारी।

उत्तर रेलवे

ई. निविदा

खुली निविदा संख्या 13-अम्बाला/2021-22 दिनांक 13/08/2021

वरिष्ट मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

क्र. म.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (Rs.)	कार्य समाप्ति का समय	निविदा खुलने की तिथि
1	(i) सहायक मंडल अभियन्ता/शिमला के अधीन सीनियर सेक्सन इंजीनियर/कार्य/कालका के सेक्सन में क्षतिग्रस्त RCC एवं PVC जल भंडारण टैंक, खराब GI पाइप एवं क्षतिग्रस्त सीवर लाइन की मरम्मत का कार्य। (ii) क्षतिग्रस्त लकड़ी एवं स्टील के दरवाजे, खिड़कियाँ, फर्श एवं स्टाफ क्वाटर में प्लास्टर का कार्य। (iii) फिल्टर प्लांट की ओवरहॉलिंग, फिल्टर मीडिया की प्रतिपूर्ति, टैंक से अवसाद निकालने एवं कूलह की सफाई इत्यादि का कार्य (iv) कालका में पुराने जैक आर्क छतों की लीकेज की मरम्मत का कार्य।	5940568	06 महीने	07-09-2021
2	सहायक मंडल अभियन्ता/शिमला के अधीन कालका-शिमला सेक्सन में पुल संख्या 21 के नजदीक कि0 मी0 3/7-8 पर जलशक्ति सोलन डिविजन के लिए drainage/sewerage D.I Pipe line 200mm dia through 400 & 600mm dia MS casing pipe (by cut & cover method) रेलवे ट्रैक/जमीन के नीचे से पार करने से संबंधित कार्य।	1896746	06 महीने	07-09-2021
3	सहायक मंडल अभियन्ता/सहारनपुर के अधीन सीनियर सेक्सन इंजीनियर/कार्य/लाइन/सहारनपुर के सेक्सन में रेलवे फाटक के सुधार से संबंधित कार्य।	1482890	03 महीने	07-09-2021
4	सहायक मंडल अभियन्ता/सरहिन्द के अधीन सरहिन्द-अम्बअदौरा सेक्सन मे कीरतपुर साहिब, रूपनगर एवं नौगॉव स्टेशनों पर इलेक्ट्रोनिक इंटरलॉकिंग से सम्बाधित ट्रैक कार्य।	10825437	12 महीने	07-09-2021

नोटः-

1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है।
2. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें।
3. ठेकेदार को ई - निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा।
4. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

1817/21

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ